Title: Demanded the Central Government to protect political workers of various parties in Bihar and to take strict action in this regard.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अत्यंत ही संवेदनशील मामला उठाना चाहता हूं। बिहार राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। आई.एस.आई. की गतिविधियां उत्तरी बिहार में बढ़ गयी हैं और वहां अपहरण एक उद्योग बन गया है और विशेा रूप से वहां पर राजनैतिक कार्यकर्ताओं की सुरक्षा पर एक प्रश्नचिह्न लग गया है। सभी राजनैतिक दलों के सच्चे कार्यकर्ताओं की हत्याएं हो रही हैं जो गरीबों और दलितों के बीच में दिन-रात काम करते हैं। जो गांव में भूमि के सवाल पर गरीबों के हित में लड़ाई लड़ते हैं उनकी निर्मम हत्याएं हो रही हैं। मैं सीतामढ़ी से आता हूं। वहां के नानपुर थाना के बोखरा प्रखंड में चकौती ग्राम-पंचायत में महेन्द्र धनकार एवं रामनाथ शाह जो अच्छे कार्यकर्ता थे जो सूप बनाने वाले कमजोर वर्ग के लोगों की जमीन के सवाल पर लड़ाई लड़ते थे। महेन्द्र धनकार को ट्रेक्टर फाइनेंस करने के बहाने मुजफ्फरपुर के कांटी थाना में पानापुर के निकट पेट चीरकर हत्या कर दी गयी और आज तक पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुजफ्फपुर में भी एक राजनैतिक कार्यकर्ता की हत्या हुई और पुर्णिया में भी राजनैतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं होती रही हैं। नानपुर प्रखंड में मतस्यजीवी सहयोग समिति रामप्रमोद सहनी निााद की भी मछली लूट ली गयीं और अब उनको जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। राजनैतिक रूप से वहां 100 एकड़ जमीन जो गरीबों को वितरित की गयी है वहां बिहार सरकार के एक मंत्री ने जब्त कर रखी है। क्योंकि ये लोग गरीबों के हक की लड़ाई लड़ते रहे हैं इसलिए उनकी हत्या की धमकी दी जा रही है।...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) *

MR. DEPUTY-SPEAKER: What is it that you want from the Central Government?

श्री नवल किशोर राय : मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि राज्य सरकार से रिपोर्ट लेकर के भारत सरकार इस संबंध में कठोर कार्रवाई करने की कृपा करे और जिनपर जुल्म हुआ है उनको मुआवजा भी दे।